दिन–रविवार दिनांक– 28/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि दो हजार पच्चीस ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। श्री मोदी ने कहा कि दुनिया ने स्पष्ट रूप से देखा कि अब भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। प्रधानमंत्री ने वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जोश की प्रशंसा की। उन्होंने लोगों से हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजने का अनुरोध किया था।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार पच्चीस खेल के लिए भी यादगार रहा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप जीता। दृष्टिबाधितों का टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप जीतकर भारत की बेटियों ने इतिहास रचा। श्री मोदी ने कहा कि एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में भी तिरंगा गौरव से लहराया। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीटों की भी प्रंशसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र में भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष आस्था, संस्कृति और भारत की अनूठी विरासत का संगम महाकुंभ का प्रयागराज में भव्य आयोजन हुआ। पूरी दुनिया को इसने चकित कर दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष के अंत में अयोध्या के राममंदिर ध्वजारोहण समारोह ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी के प्रति लोगों में बढ़ते उत्साह की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लोग केवल उन्हीं वस्तुओं को खरीद रहे हैं जिन पर भारतीयों के पसीने की कमाई और भारतीय मिट्टी की सुगंध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ दो हजार छब्बीस में प्रवेश के लिए तैयार है। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष दो हजार छब्बीस विकसित भारत की

दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। उन्होंने वर्ष दो हजार छब्बीस की शुभकामनाएं भी दीं।

———————————————————————

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के संकल्प में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि युवा नेता संवाद का दूसरा चरण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष बारह जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाएगा और उस दिन युवा नेता संवाद में वे स्वयं भी भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले महीने देश का सतत्तरवां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। यह दिवस लोगों के दिलों को स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता से भर देता है। उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले नायकों को भी याद किया। अंत में, प्रधानमंत्री ने सभी से स्वस्थ रहने और फिट इंडिया अभियान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि शीतकाल व्यायाम के लिए उपयुक्त होता है।

———————————————————————

राज्य का उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम इलाका भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जहानाबाद में भीषण शीतदिवस, जबकि अररिया के फारबिसगंज, गया, बक्सर, औरंगाबाद और अरवल में शीत दिवस की स्थिति बनी रही। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा का राजगीर प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों तक राज्य के विभिन्न भागों में ठंड का प्रकोप जारी रहेगा। वहीं, कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहने की भी संभावना है।

———————————————————————

कांग्रेस पार्टी ने विकसित भारत– जी राम जी विधेयक के विरोध में आज पटना में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम से गांधी मैदान तक विरोध मार्च निकाला। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में निकाला गया मार्च गांधीमूर्ति के पास धरने में बदल गया। कांग्रेस पार्टी नये विधेयक में महात्मा गांधी का नाम हटाने और अन्य प्रावधानों का विरोध कर रही है।

———————————————————————

बेगूसराय पुलिस ने एक व्यक्ति को फर्जी डीएसपी बनकर लोगों से ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। तेघड़ा थाने में दर्ज मामले के अनुसार रिफाईनरी थाना क्षेत्र का रहने वाला करण कुमार लोगों से नौकरी के नाम पर ठगी कर रहा था।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के सासामूसा चीनी मिल को दोबारा शुरू करने के लिए चलाया जा रहा धरना प्रदर्शन आज समाप्त हो गया। कुचायकोट के विधायक अमरेंद्र पांडेय के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

———————————————————————

मुंगेर पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने गई क्यूआरटी टीम पर हमले के मामले में चार ग्रामीणों को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।